हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



अस्थायी टेंट, पुल व दवा के साथ नदी नालों व जंगलों जानवरों को मात देकर नक्सलियों को घेर रहे जवान



# मानसून में नक्सली ऑपरेशन के लिए मिजोरम, हैदराबाद और जंगलवार से ट्रेनिंग के बाद उतारे गए जवान

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डेडलाइन के बाद इस बार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन मानसून में प्रहार तेज रहेगा। इसके लिए जवानों को आंध्र में ग्रेहाउंड, मिजोरम और कांकेर के जंगलवार फेयर कॉलेज में ट्रेड किया गया है। विशेष ऑपरेशन से पहले ऐसा हर बार किया जाता है। भरी बारिश में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 743 नक्सली गिरफ्तार 920 ने हथियार डाला

बस्तर पुलिस व नक्सलियों के बीच मानसून के दौरान वर्ष 2020 से 8 जुलाई 2025 तक 111 बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 99 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर करने में फोर्स को सफलता मिली है। वहीं जंगलों में मारे मारे फिर ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दूसरे राज्यों की स्पेशल फोर्स के साथ प्रशिक्षण

जानकारी के मुताबिक मानसून हो या भीषण गर्मी हर मौसम में माओवादियों के खिलाफ आपरेशन में भेजने से पूर्व बस्तर में तैनात जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है। इसके लिए पहले जवानों को जगंलवार कैम्प ▶▶|शेष पेज 7 पर

### *सफर आसान नहीं, लेकिन हमारा लक्ष्य साफ*

*मानसून का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन इससे हमारे अभियान धीमे नहीं होंगे। बरसात के दौरान जवानों को घने जंगलों, कीचड़ भरे रास्तों, नदियों के बढ़ते जलस्तर और दुर्गम इलाकों से होकर गुजरना पड़ता है। संचार व्यवस्था और लॉजिस्टिक सपोर्ट में भी कई बार मुश्किलें आती हैं। लेकिन इसके बावजूद हमारे सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी और हौसले के साथ नक्सल विरोधी अभियानों को अंजाम दे रहे हैं। बस्तर को नक्सल हिंसा से मुक्त कर शांति और विकास की राह पर आगे ले जाने का हमारा लक्ष्य साफ है। यह सफर आसान नहीं है, लेकिन हमारे जवान हर चुनौती को स्वीकार कर बस्तर की जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित है।*

*- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर*

## खबर संक्षेप

### राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव, दो युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान श्याम निवासी मोहम्मद लतीफ और सुजातगंज निवासी मोहम्मद सईम के रूप में की गई है। इन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। दावा किया कि घटना के समय आरोपी काफी नशे में थे। मंगलवार को राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव की सूचना मिली जिससे ट्रेन के एसी श्रेणी के तीन डिब्बे- बी-2, बी-5 और बी-6 की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

### गणेशोत्सव 'महाराष्ट्र का राज्य उत्सव' घोषित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एक सदी से भी अधिक पुराने 'सार्वजनिक गणेशोत्सव' को आधिकारिक रूप से राज्य उत्सव घोषित करते हुए गुरुवार को कहा कि वह उत्सव की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा, गणेशोत्सव सिर्फ़ एक उत्सव नहीं है। यह महाराष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव और पहचान का प्रतीक है। मंत्री ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव 1893 में लोकमान्य तिलक द्वारा शुरू किया गया था।

## जिन अफसरों को निलंबित किया गया है, उनके जगह नए अफसरों की तैनाती

# शराब घोटाले में बड़ा एक्शन, 22 आबकारी अधिकारी सस्पेंड, इनके हिस्से आए थे 88 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पूर्ववर्ती सरकार में 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में शामिल 22 आबकारी अफसरों को आखिरकार सरकार ने सस्पेंड कर दिया। घोटाले में शामिल सात आबकारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनमें दो की मौत हो चुकी है। अफसरों पर नकली होलोग्राम लगाकर शराब खपाने का आरोप है। नकली होलोग्राम लगाकर बगैर बिल के शराब बिक्री करने के एवज में इन अफसरों को प्रति पेटी 140 रुपए के हिसाब से कमीशन मिलता था।

शराब घोटाला करने के आरोप में जिन आबकारी अफसरों को निलंबित किया गया है उनमें उपायुक्त से लेकर टीआई निरीक्षक स्तर के अफसर शामिल हैं। निलंबित होने वाले अफसरों में उपायुक्त जनार्दन कौरव, अनिमेष नेताम, विजय सेन शर्मा, अरविंद कुमार पाटले, सहायक आयुक्त आबकारी प्रसोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंग तोमर, मंजुश्री कसेर, सौरभबख्शी, दिनकर वासनिक, सोनल नेताम, प्रकाश पाल, अलेख राम सिदार, आशीष कोसम, राजेश जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी इकबाल खान, नितिन खंडुजा, मोहित कुमार जायसवाल, गरीबपाल सिंह दर्दी, उपायुक्त आबकारी नीतू नोतानी ठाकुर, नोहर सिंह ठाकुर शामिल हैं।

### नेता, अफसरों की जुगलबंदी में किया गया था 2174 करोड़ का घोटाला, अनुमानित आंकड़ा 3200 करोड़ बताया जा रहा

### तीसरे लेयर के अफसरों पर गिरी गाज

चालान में घोटालें से परतें खुलती जा रही हैं। पता चला है कि शराब घोटाले को अंजाम देने तीन लेयर तैयार किया गया था। पहले लेयर में अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर शामिल थे। दूसरे लेयर का काम अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह, विजय भाटिया ने संभाल रखा था। तीसरे लेयर को सस्पेंड होने वाले अफसर उपायुक्त दिनकर वासनिक, नवीन प्रताप सिंह तोमर, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी और इकबाल खान तथा जनार्दन कौरव संभाल रहे थे।




### इकबाल सहित अन्य तय करते थे मात्रा

चालान के मुताबिक इकबाल खान, अनिमेश नेताम, विकास गोस्वामी तय करते थे कि बी पार्ट की शराब किन जिलों में कितनी मात्रा में भेजना है। पड़ताल में यह भी खुलासा हुआ कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आबकारी विभाग से बड़ी फंडिंग एक पार्टी को हुई। फंडिंग के लिए रकम जुटाने की जिम्मेदारी आबकारी उपायुक्त दिनकर वासनिक, नवीन प्रताप सिंह तोमर, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी और इकबाल खान की थी। इन अफसरों ने ही चुनाव के पहले जिलों में अपनी पसंद के अधिकारियों की पोस्टिंग कराई, फिर चुनाव फंड की वसूली की।

### शराब की काली कमाई से अफसर हुए लाल

ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चालान में शराब घोटाला करने वाले आबकारी अफसरों ने 88 करोड़ रुपए की काली कमाई की है। इनमें सबसे ज्यादा रकम इकाबल खान, अनिमेश नेताम, विकास गोस्वामी जो तीसरे लेयर की कमांड संभाल रहे थे उन्हें मिली है। शेष अन्य अफसरों को दो से ढाई-ढाई करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है।

### कुल 32 आरोपी बनाए गए थे

शराब घोटाले में ईओडब्लू ने कुल 32 आबकारी अफसरों को आरोपी बनाया था। इनमें से आबकारी अफसर जीआर पैंकरा तथा अशोक कुमार सिंह की मौत हो चुकी है। साथ ही किसी रविश कुमार तिवारी को आरोपी बनाया गया था। पड़ताल में रविश कुमार तिवारी नाम का आबकारी विभाग में कोई अधिकारी नहीं मिला, इसलिए उसके खिलाफ ▶▶|शेष पेज 7 पर

## शंकरगढ़ में एसीबी की कार्रवाई

# सीमांकन के नाम पर 15 हजार की रिश्वत पकड़ा गया पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने पटवारी को सीमांकन कार्य के लिए 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। फिलहाल एसीबी की टीम द्वारा आरोपी पटवारी से पूछताछ की जा रही है और आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी राजेश यादव के पिता के नाम पर पैतृक भूमि ग्राम विनायकपुर में है। उक्त भूमि को ▶▶|शेष पेज 7 पर



**दो अन्य पटवारियों के संलिप्तता की हो रही जांच**

### ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई

एसीबी की टीम ने ग्रामीण के शिकायत की जांच की गई और शिकायत के सत्यापन के दौरान मोलभाव कर 15 हजार रुपए में सौदा तय किया गया। दोहाना पटवारी महेंद्र कुजूर द्वारा 15 हजार रुपए में काम करने के लिए राजी होने पर एसीबी की टीम गुरुवार को शंकरगढ़ पहुंची और ट्रैप कार्रवाई के दौरान जैसे ही ग्रामीण से पटवारी ने 15 हजार रुपए की रिश्वत ली टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

### दो अन्य पटवारियों की भूमिका पर संदेह

एसीबी ने आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। वहीं इस मामले में दो अन्य पटवारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है और एसीबी की टीम दोनों पटवारियों के संलिप्तता की जांच कर रही है।

## सेना ने चलाया ऑपरेशन जल राहत-2

# रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा दिल्ली में विमान डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**174** सड़कें हिमाचल में बंद

**100** से अधिक की देशभर में मौत

**ऐसा अनुमान : अगले 4-5 दिन होगी झमाझम बारिश, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में अलर्ट**

देशभर में जारी भारी बारिश ने पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश ने तबाही मचाकर रखी है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई जैसे राज्यों में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। नदियां-नाले उफान पर हैं। सड़कों का हाल नदी जैसा हो गया है। दिल्ली में भारी बारिश से करीब 6 उड़ानें डायवर्ट की गईं, वहीं कश्मीर में भारी बारिश से मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तर भारत के कई हिस्सों सहित शेष भारत में अगले कुछ दिनों के लिए भारी बारिश सहित अलर्ट जारी किया है।

बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के चलते हिमाचल प्रदेश में 174 सड़कें बंद हैं। करीब 740 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। मंडी, ऊना और शिमला जैसे जिलों में सामान्य से 80-90% ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिससे कई इलाकों में जनजीवन ठप हो गया है। इस बीच, सेना ने ऑपरेशन जल राहत-2 अभियान चलाया। देश भर में बारिश के कारण हुई घटनाओं में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश के दक्षिण-पूर्व, विदर्भ और दक्षिणी हिस्सों में अत्यंत भारी बारिश की संभावना है।



### मैदानी इलाकों का ये है हाल

दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई जगहों पर पानी इतना भर गया कि गाड़ियां घंटों तक ट्रैफिक में फंसी रहीं। गुड़गांव में हालात और भी गंभीर नजर आए, जहां सड़कें पूरी तरह से पानी में डूब गईं।

### छग सहित इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

आईएमडी ने उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में बारिश की गतिविधियों में तेजी आ सकती है।

### पूर्वोत्तर में भी बारिश बनी काल

असम में भी हालात बेहद खराब हैं। यहां अब तक बाढ़ से 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 29,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। गोलाघाट जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 23,000 से अधिक लोग संकट में हैं। करीब 5,000 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

### कठुआ में मालगाड़ी पटरी से उतरी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रेलवे पटरियों के बारिश के पानी में डूब जाने के कारण एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे जम्मू-पठानकोट मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# अनिमेष ने रचा इतिहास, सीएम साय बोले-युवा शक्ति के उड़ान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा धावक अनिमेष कुजूर ने ग्रीस के एथेंस में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर दौड़ को मात्र 10.18 सेकेंड में पूरा कर भारत के लिए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने युवा खिलाड़ी अनिमेष को बधाई देते हुए कहा कि आपकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि हर युवा को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। छत्तीसगढ़ को आप पर गर्व है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### युवाओं को प्रोत्साहित करने सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अनिमेष की यह उपलब्धि युवा शक्ति के आत्मविश्वास और सपनों की उड़ान का प्रतीक है। उनका यह प्रदर्शन न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। प्रदेश सरकार युवाओं की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वडोदरा पुल हादसा: मृतकों की संख्या 18 हुई दो अब भी लापता, चार अभियंता निलंबित

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान रात के लिए रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान शुक्रवार सुबह फिर से शुरू होगा क्योंकि दो व्यक्ति अब भी लापता हैं। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई



वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया ने कहा, बृहस्पतिवार रात एक और शव मिलने के साथ ही पुल ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। दो लोग अभी भी लापता हैं।

### सीएम ने की कार्रवाई

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुल ढहने के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। निलंबित अधिकारियों की पहचान कार्यकारी अभियंता एनएम नायकवाला, उप कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल और आरटी पटेल तथा सहायक अभियंता जेवी शाह के रूप में की गई है।

### पुलों की होगी जांच

सीएम पटेल ने विभाग के अधिकारियों को घटना के मद्देनजर राज्य के अन्य पुलों का तत्काल गहन निरीक्षण करने का आदेश दिया है। इस बीच, अधिकारी इस खबर के बाद बचाव की मुद्रा में हैं कि एक सामाजिक कार्यकर्ता ने अगस्त 2022 में इस पुल की खराब स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित कराया था।

## बादलों जैसी गर्जना के साथ खिसकी चट्टान

# मां बम्लेश्वरी पहाड़ी से नई सीढ़ियों के पास चट्टान गिरी, कई पेड़ धराशायी

राजा शर्मा ▶▶| डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी पहाड़ी पर एक बड़ा चट्टान खिसककर गिर गई। इस दौरान कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए हैं। मां रणचंडी प्राचीन मन्दिर से होते हुए ऊपर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाली नई सीढियों के पास यह हादसा हुआ है। पहली बार इस प्रकार की घटना होने के चलते जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

यह हादसा नई सीढ़ियों के पास हुआ है, यहीं से वन विभाग ने ऊपर मंदिर जाने के लिए एक मार्ग बनाया है। जिसका एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया की पहाड़ी पर ऐसा हादसा पहली बार हुआ है। स्थानीय निवासी मान बाई नेताम ने बताया कि, सुबह ▶▶|शेष पेज 7 पर



### प्रकृति से छेड़छाड़ के चलते हुई घटना

सूत्रों की मानें तो पहाड़ी के ऊपर एक बड़ी चट्टान को हटाने के लिए बारूदी ब्लास्टिंग की गई थी, जिससे पहाड़ी की संरचना कमजोर हो गई। इसके अलावा पहाड़ी पर लंबे समय से हो रहा अवैज्ञानिक निर्माण, पत्थरों की कटाई और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी इस हादसे का कारण मानी जा रही है। इस तरह की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### *कोई जनहानि नहीं हुई*

*इस घटना को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उइके ने कहा कि, मां बम्लेश्वरी पहाड़ी के पीछे दर्शन मार्ग में गिरी चट्टान और पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ करा दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं का आना-जाना बाधित न हो। उन्होंने बताया कि, दो विशाल चट्टानों के गिरने से कई पेड़ जरूर धराशायी हुए हैं, चूंकि ये बड़ी चट्टान है इसे हटाया नहीं जा सकता, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक आपदा का मामला प्रतीत होता है, लेकिन वन विभाग घटना के कारणों की जांच करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।*



## शिवनाथ नदी की बाढ़ से सेमरियाघाट का पुल डूबा



भाटापारा। अंचल में बीते कई दिनों से हो रही बारिश से पूरा क्षेत्र पानी से लबालब हो गया। वहीं गुरुवार सुबह तेज गरज- चमक के साथ साथ लगभग दो घंटे तेज बारिश से पूरा क्षेत्र पानी से लबालब हो गया। वहीं शहर से सात किमी दूर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी का पुल पानी में डूब गया। शाम तक की स्थिति में सेमरियाघाट में पुल पर लगभग 10 फीट पानी बह रहा है। बुधवार शाम से ही सेमरिया घाट का शिवनाथ नदी का पानी पुल के उपर छलकने लगा था। वहीं ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट ने सेमरिया घाट की स्थिति का जायजा लिया और बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किए हैं।

# चंद्रपुर हाईवे में थमा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

हो रहे मूसलाधार बारिश के बीच छत्तीसगढ़ की जीवनदयनी शिवनाथ नदी पूरे उफान पर है। वहीं राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में धार बहने से आवागमन आज दिनभर ठप्प रहा। उफनती नालों के बीच अंदरूनी हिस्से के दर्जनों वनांचल गांव टापू में तब्दील रहे। इसी बीच शिवनाथ पर स्थित मोंगरा बैराज के 10 में से 8 गेट को खोले जाने से अंबागढ़ चौकी नगर के तीन वार्डों में खतरा मंडराने लगा है, जिसे हाई अलर्ट पर रखा गया है। इधर जिले के कई स्कूलों में आज बाढ़ के हालात में शिक्षक और स्कूली छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं पहुंच पाए, जहां छुट्टी कर दिया गया। दिन-रात के मूसलाधार बारिश के बीच शिवनाथ अपने वृहद उफान पर है। मोंगरा बैराज के 10 में से आठ गेटों को खोल दिया गया है। वृहद तेज बहाव के बीच नदी का जल स्तर अंबागढ़ चौकी नगर के तीन वार्डों तक पहुंच गया है, जिन्हें हाईअलर्ट करते सुरक्षित जगह में पहुंचाने नगर पंचायत द्वारा मुनियादी के साथ व्यवस्था की गई है। राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे के कौडीकसा, अंबागढ़ चौकी नगर के राजीव गांधी चौक, बांधाबाजार में मुख्य सड़क पर धार बहने के कारण राजनांदगांव-महाराष्ट्र की ओर यातायात दिनभर प्रभावित रहा।



## गंगरेल में 50 फीसदी जलभराव, चार दिन में छह टीएमसी पानी की आवक



**धमतरी।** आषाढ़ मास के अंतिम सप्ताह में हुई लगातार बारिश से परियोजना के बांधों की सेहत में सुधार आया है। गंगरेल में 50 प्रतिशत से अधिक जलभराव हो गया है, वहीं दुधावा-सोंढूर और माड़मसिल्ली बांध में 20 प्रतिशत के आसपास पानी भर गया है। सिंचाई विभाग के अनुसार 4 जुलाई को गंगरेल बांध में पानी की आवक जीरो थी। इस दिन गंगरेल जलाशय में ग्रास लेवल पर 12.720 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 7.649 टीएमसी था। 10 जुलाई शाम को गंगरेल बांध में पानी की आवक घटकर 3055 क्यूसेक हो गई। गंगरेल बांध में ग्रास लेवल पर 18.868 टीएमसी तथा लाईव लेवल पर 13.796 टीएमसी जलभराव हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### आधी रात सड़क पर आतंक मचाया, दो गिरफ्तार

**धमतरी।** विमल टाकीज रोड में आधी रात को आतंक मचाने वाले जिलाबदर बदमाश व उसके नाबालिग साथियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर बीते दिनों विमल टॉकिज मार्ग में सार्वजिक स्थल पर रात्रि में गाली गलौज करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ करने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मुख्य आरोपी साहिल गौली अपने अन्य साथियों के साथ उपद्रव करते दिख रहा है। बदमाश साहिल को पूर्व में 9 अप्रैल को जिला दण्डाधिकारी द्वारा एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया जा चुका है। गोकुलनगर रायपुर में घेराबंदी कर आरोपी साहिल गौली को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी के पास धमतरी अथवा रायपुर जिले में प्रवेश के संबंध में किसी प्रकार की अनुमति नहीं पाई गई। वहीं घटना में शामिल मुख्य आरोपी के एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया गया है। तोड़फोड़ में आरोपियों के साथ दो नाबालिग भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी साहिल गौली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पकड़ा, दो पर था 3 लाख ईनाम घोषित

# दो ईनामी सहित 6 नक्सली गिरफ्तार, मतदान केंद्र में फायरिंग, हत्या के मामले में रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

**सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से 6 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोंटा में गिरफ्तार किए दो नक्सली वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र में फायरिंग करने की घटना में शामिल एवं वर्ष 2024 में गंगराजपाड़ के ग्रामीण ताती बुधरा की हत्या करने की घटना में शामिल रहे हैं। वहीं भेज्जी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की षड़यंत्रपूर्वक योजना अंजाम देने के लिए कब्जे में रखे विस्फोटक सामाग्री के बरामद होने की घटना में शामिल है। थाना कोंटा से गिरफ्तार 1 नक्सली पर 2 लाख एवं 1 नक्सली पर 1 लाख का ईनाम घोषित था।**

कार्रवाई में थाना कोंटा भेज्जी पुलिस बल डीआरजी एवं 218 व 219 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल रही। अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम पीलावाया में नक्सली आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सली आरोपियों में कुंजाम मुका मेहता आरपी जनताना सरकार अध्यक्ष इनामी 1 लाख, माड़वी मुया कोन्टा एरिया कमेटी मिलिशिया कमाण्डर इनामी 2 लाख रूपये के विरूद्ध थाना कोन्टा में पूर्व से अपराध विभिन्न धाराओं के साथ मामला पंजीबद्ध था। वहीं चार संदिग्ध इंजरम से भेज्जी मुख्य मार्ग पर विगत दो दिनों से लगातार किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए रैकी कर रहे हैं। जिसकी सूचना पर ग्राम एटेगट्टा एवं गोरखा के बीच हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना माड़वी सुक्का निवासी-वीराभट्टी थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य सोड़ी चन्दरू निवासी वीराभट्टी जनताना सरकार सदस्य मुचाकी लखमा निवासी नीलामड़गू डीएकेएमएस सदस्य सोड़ी देवा निवासी नीलामड़गू थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य का होना बताया गया। पूछताछ करने पर कोन्टा एरिया कमेटी का सक्रिय सदस्य होना तथा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देष्य से कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल में एक नग बम व विस्फोटक सामान छुपाकर रखना तथा क्षेत्र में बढ़ते पुलिस गश्त के कारण आईईडी प्लांट नहीं कर पाना बताया गया।

खास खबर





### निशानदेही पर टिफिन बम सहित अन्य सामाग्री बरामद

चारों नक्सलियों की निशानदेही पर कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल से एक टिफिन बम, सात मीटर कोर्डेक्स वायर,पंद्रह मीटर बिजली का वायर पांच इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया। सभी नक्सली आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ महिला की अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक मामले में आजीवन कारावास की सजा खिलाफ महिला की अपील को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी महिला की तरफ से तर्क दिया गया कि वह खुद भी पीड़िता है। सालों से मानसिक रूप से अस्थिर थी। इसके अलावा उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है, जबकि राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि घटनास्थल पर बरामद सामान, सुसाईट नोट, मेडिकल रिपोर्ट और महिला के बयान से स्पष्ट है कि वारदात उसने ही की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बैंच ने अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। सभी साक्ष्य आपस में जुड़कर एक ऐसी श्रृंखला बनाते हैं जो संदेह से परे अपराध को साबित करते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट का निर्णय सही है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। दरअसल महासमुंद के लमकेनी निवासी शिक्षक जनकराम साहू ने 20 दिसंबर 2017 को पुलिस को बताया कि उनके किराएदार ईश्वर पांडे की पत्नी और बेटियां घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों लड़कियां मृत मिलीं और उनकी मां यमुना गंभीर रूप से घायल थी। घटनास्थल से चाकू, ब्लैड, मोबाइल, सुसाइड नोट बरामद किया गया था।






हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## टमाटर व सब्जियों की 30 फीसदी फसल खराब

प्रदेशभर में पिछले कुछ दिनों की बारिश से टमाटर सहित सब्जियों को 30 प्रतिशत क्षति पहुंची है। खासकर नदी किनारे के 80 प्रतिशत गावों की नर्सरी में पानी भर गया है और इससे फसल बर्बाद हो गई है। प्रदेभर में 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जियों की पैदावारी होती हैं। इसमें करीब 1.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की फसलों को क्षति पहुंची है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला उद्यानिकी अधिकारियों ने फसल क्षति की जानकारी मंगवाई है।



# किसानों पर मूसलाधार मुसीबत...

## डेढ़ लाख हेक्टेयर की सब्जियों की फसल चौपट, बीज तक नष्ट हो गए

- लगातार बारिश से कई इलाकों में सब्जियों को भारी नुकसान
- टमाटर में घाटा, भाव तेजी से बढ़ा

### झड़ गए फूल

फूलों के झड़ने से उत्पादन 60 प्रतिशत तक कम हो गया है। सब्जी की क्वालिटी भी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भर जाने से पौधों की जड़ें सड़ रही हैं। फूल और फल नष्ट हो रहे हैं। ज्यादा नमी के कारण फंगस संक्रमण का खतरा शेष पेज 7 पर

### 75 प्रतिशत बीज सड़ गए

इस बारिश में इन किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान वीरांगन साहू, कमलेश पटेल, ओंकार देवांगन ने बताया कि लगातार बारिश से सब्जी की बाड़ी में पानी भर गया है। वीरांगन ने बताया कि इस साल वे दो बार बरबटी, करेला, लाल भाजी, शेष पेज 7 पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी/ भिलाई

खास खबर

राज्य के बड़े इलाके में लगातार हो रही जमकर बारिश ने सब्जियों की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है। कहा जा रहा है कि टमाटर उत्पादक इलाकों में तकरीबन डेढ़ लाख हेक्टेयर की फसल चौपट हो चुकी है। दूसरी सब्जियों के खेत भी पानी में डूबे हुए हैं, जिसकी वजह से बीज सड़ गए। दोबारा बोनी या तीसरी बार बीज डालने से खेती में विलंब होगा, जाहिर है इससे पैदावार भी प्रभावित होगा।

धमतरी में लगातार बारिश से सब्जी की फसल चौपट हो गई है। कई किसान बारिश के चलते दो शेष पेज 7 पर

### टमाटर, गोभी, परवल, भिंडी के भाव 80 रुपए किलो

इन दिनों बारिश में टमाटर, गोभी, भिंडी, परवल जैसी सब्जियों के दाम 80 रुपए किलो पहुंच गए हैं। ये सब्जियां इन दिनों लोकल बाड़ियों से आना बंद हो गई है। करीब 25 प्रतिशत फसल दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी सहित अन्य जिलों की लोकल बाड़ियों में बची हुई है। किसान शेष पेज 7 पर



### इन मामलों से समझिए क्षति की स्थिति

**केस 01** डोमा पथरिया निवासी संदीप सोलंकी ने 10 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की नर्सरी लगाई है। गोभी की फसल भी 4 एकड़ क्षेत्रफल में लगी है। भारी बारिश की वजह से उनके खेतों में पूरा पानी भर गया है। ये फसलें डूब गई है। लगातार बारिश की वजह से पानी निकासी की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं।

**केस 02** धमधा के किसान नेतराम ने 8 एकड़ में टमाटर व भिंडी की फसल ली है। मिर्ची 6 एकड़ क्षेत्रफल में लगाई है। शिवनाथ नदी का पानी उनके खेतों तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से पूरी फसल पानी में डूबी हुई है। दो दिन और बारिश होगी तो पानी निकलेगा नहीं और फसल खराब हो जाएगी।

**केस 03** कन्हारपुरी के किसान पोखराज अपने 30 एकड़ में टमाटर, गोभी, पालक, लाल भाजी और अन्य सब्जी उगाई है। पानी पूरे क्षेत्र में भर गया है। जिसकी वजह से फसलें खराब होने लगी है। पानी और लगातार गिरेगा तो पूरी फसल खराब हो सकती है। दोपहर बाद पानी थोड़ा थमने से पानी निकासी की व्यवस्था की है।

### सब्जियों की क्षति की जानकारी मंगवाई

पिछले दो दिनों की भारी बारिश की वजह से सब्जियों की क्षति पहुंच सकती है। हमने अपने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि यदि किसी भी किसान की फसल को क्षति पहुंची है, तो उसकी जानकारी विभाग को दें। इससे हमें सर्वे करवाने में सुविधा होगी।

- सुरेश ठाकुर
उप संचालक, उद्यानिकी

### फसल क्षति का सर्वे जरूरी

जिस हिसाब से भारी बारिश हुई है, उससे कई गांवों में सब्जियों की खेती को नुकसान पहुंचने की खबर आ रही है। ऐसी स्थिति में पूरे प्रदेशभर में उद्यानिकी फसल क्षति का सर्वे करना जरूरी हो गया है।

- झबेन्द्रभूषण वैष्णव
महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर में झटके



**नई दिल्ली।** हरियाणा में झज्जर के समीप 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-एनसीआर में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तरपूर्व और दिल्ली से 51 किमी पश्चिम में जमीन से 10 किमी की गहरायी में था।

### महिला और दो बच्चों के शव कुएं में मिले

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में गुरुवार तड़के एक महिला और उसके दो बच्चों के शव कुएं में मिले। ये शव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर जौरहाई गांव में बरामद किए गए, जिन्हें सबसे पहले मृतक महिला पिंकी की सास ने देखा। पुलिस को संदेह है कि पारिवारिक कलह के कारण पिंकी अपनी चार साल की बेटी रुचिका और आठ महीने के बेटे आनंद को साथ लेकर कुएं में कूद गई।

### चुनाव अधिकारी बनकर सोने की चेन ले उड़े

**सारण।** बिहार के सारण जिले में दो लोग खुद को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शामिल चुनाव अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग महिला के घर पहुंचे। कथित तौर पर उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। यह घटना बुधवार को मढ़ौरा थाना क्षेत्र के नेरुआ गांव में हुई। पीड़िता के अनुसार, उससे एक तस्वीर के लिए अपनी चेन उतारने के लिए कहा गया। इसके बाद, उससे अपना आधार कार्ड दिखाने के लिए कहा गया।

### कर्ज में डूबे रीयल एस्टेट व्यवसायी ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एक रीयल एस्टेट व्यवसायी ने आर्थिक परेशानियों के कारण सुरक्षा गार्ड की बंदूक से कथित रूप से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। व्यक्ति की पहचान शाहजेब शकील (38) के तौर पर हुई है। उसने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर 'लाइव' आकर अपनी आर्थिक परेशानियों के बारे में बात की और बाद में उस वीडियो को पोस्ट किया।

### छात्रों ने स्कूल निदेशक की चाकू मारकर हत्या की



**चंडीगढ़।** हरियाणा के हिसार जिले में बृहस्पतिवार को एक निजी स्कूल के निदेशक की संस्थान परिसर में दो छात्रों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि आरोपी कथित अनुशासनहीनता के कारण स्कूल निदेशक द्वारा फटकार लगाए जाने से नाराज थे।

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से इंकार, लेकिन चुनाव आयोग को दी सलाह

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी मानें पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण जारी रखने की दी अनुमति
- सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे 'संवैधानिक दायित्व' बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग की इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

पीठ ने कहा, हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 10 विपक्षी दलों के नेताओं सहित किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। उसने संबंधित याचिकाओं पर जवाब मांगा और सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग 21 जुलाई तक इन याचिकाओं पर जवाबी हलफनामा दाखिल करे और इन पर प्रत्युत्तर शेष पेज 7 पर

*बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।*



### अब अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी

फैक्ट फाइल

| 7.89 | 4.96 | 2.93 | 27 |
|---|---|---|---|
| करोड़ बिहार के मतदाता | करोड़ के नाम पुरानी सूची में | करोड़ का होना है वेरिफिकेशन | जून से वेरिफिकेशन की शुरुआत |

2.25 लाख से अधिक वेरिफिकेशन कार्य में लगे

### पीठ ने आयोग से किया सवाल

- पीठ ने कहा- चुनाव आयोग को देना होगा तीन प्रश्नों का उत्तर

पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को तीन प्रश्नों का उत्तर देना होगा, क्योंकि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया 'लोकतंत्र की जड़ से जुड़ी है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है।' सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा कि क्या उसके पास मतदाता सूची में संशोधन करने, अपनायी गई प्रक्रिया और कब यह पुनरीक्षण किया जा सकता है, उसका अधिकार है। द्विवेदी ने कहा कि समय के साथ-साथ मतदाता सूची में नामों को शामिल करने या हटाने के लिए उनका पुनरीक्षण आवश्यक होता है और एसआईआर ऐसी ही कवायद है। उन्होंने पूछा कि अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन का अधिकार नहीं है तो फिर यह कौन करेगा?

**आधार कार्ड पर पीठ ने किया सवाल :** न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में दस्तावेजों की सूची में आधार कार्ड पर विचार न करने को लेकर सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं है और यह गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**10 से अधिक याचिकाएं :** सुप्रीम कोर्ट में इस मामले के संबंध में 10 से अधिक याचिकाएं दायर की गयी हैं जिनमें प्रमुख याचिकाकर्ता 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' है। राजद सांसद मनोज झा और महुआ मोइत्रा के अलावा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, डी राजा, हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उबाठा) से अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा से सरफराज अहमद और भाकपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### आयोग ने कहा- नागरिकता का प्रमाण नहीं आधार कार्ड

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए। 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है।

## शिक्षा विभाग में बड़ी सर्जरी, बदले गए रायपुर सहित 11 जिलों के डीईओ

### डॉ. हिमांशु भारती रायपुर के नए डीईओ

- प्रतिनियुक्ति पर विजय खंडेलवाल को भेजा गया महासमुंद
- ई-टी संवर्ग शिक्षकों सहित भृत्यों के भी तबादले, 183 का स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग में बड़ी सर्जरी गुरुवार को की गई। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 11 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी बदल दिए गए हैं। डॉ. हिमांशु भारती अब रायपुर के नए डीईओ होंगे। इसके पहले भी वे कुछ माह तक रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभाल चुके हैं। उनके पश्चात रायपुर के वर्तमान डीईओ विजय खंडेलवाल को पदभार दिया गया था।

विजय खंडेलवाल को प्रतिनियुक्ति पर महासमुंह डाईट भेजा गया है। यहां वे प्राचार्य का पद संभालेंगे। रायपुर डीईओ रहने के पूर्व वे लंबे वक्त तक दानी गर्ल्स स्कूल में प्राचार्य रहे थे। ना केवल जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि लोक शिक्षण संचालनालय शेष पेज 7 पर

**संस्कृत बोर्ड के पूर्व प्रभारी भेजे गए बस्तर :** संस्कृत बोर्ड के पूर्व प्रभारी सचिव रहे राकेश पांडेय को बस्तर भेज दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव एके अग्रवाल के संस्कृत विद्यामंडलम में सचिव पदभार ग्रहण पश्चात राकेश पांडेय के पास केवल रायपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त शेष पेज 7 पर

### जानिए... कौन कहां बना डीईओ

- कुमुदनी वाघ- सक्ती
- एफआर वर्मा- कबीरधाम
- राजकुमार कठौते- बीजापुर
- रमेश कुमार- कांकेर
- अशोक पटेल- नारायणपुर
- जोइधाराम- सारंगढ़-बिलाईगढ़
- आरपी मिरे- मनेंद्रगढ़-चिरमिरि-मानपुर
- रजनीश तिवारी- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
- दिनेश झा- अंबिकापुर
- विजय तांडे- बिलासपुर
- संजय गुहे- बलौदाबाजार

## केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# शाह बोले- राज्यों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी



एजेंसी ⏭ रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि केंद्र नए सिरे से ध्यान देते हुए और नई दिशा के साथ राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। शाह ने यह टिप्पणी 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में की, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित चार पूर्वी राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि सोरेन ने शेष पेज 7 पर

### नक्सल समस्या खत्म करने का आश्वासन

शाह ने चारों राज्यों को नक्सल समस्या को खत्म करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को जारी रखने की अनुमति देने पर उन्होंने कहा कि फैसले का स्वागत है और निर्वाचन आयोग के काम में कोई हस्तक्षेप नहीं करता। बैठक में, बिहार ने बिहार और झारखंड के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों को उठाया, जो 15 नवंबर, 2000 को झारखंड के गठन के बाद से अनसुलझे हैं।

**देश में पांच क्षेत्रीय परिषद** राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं, और सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री या उपराज्यपाल या प्रशासक इसके सदस्य होते हैं। क्षेत्रीय परिषदें कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार करती हैं, जिनमें राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे शामिल हैं। जैसे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच, उनके शीघ्र निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के निर्दिष्ट क्षेत्र में भौतिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन आदि।

# कपिल शर्मा के कैफे पर आतंकियों का हमला, अंधाधुंध बरसाई गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कपिल शर्मा और गिन्नी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैप्स कैफे को महज 4 दिन पहले कनाडा में ओपन किया। जिसके इनसाइड वीडियो और फोटोज खूब वायरल हुआ लेकिन, अब इसी कैफे में खालिस्तानी आतंकियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। ये हमला लेट नाइट हुआ। जिसका वीडियो अब सामने आया है। हालांकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### चार दिन पहले ही हुआ था ओपन




### कार से आए थे हमलावर

बता दें कि पिछली रात मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने हाल ही में कैफे का उद्घाटन किया था। ये कपिल शर्मा का पहला इंटरनेशनल रेस्टोरेंट प्रोजेक्ट बताया जा रहा है।

### खालिस्तानी आतंकी लड्डी ने ली जिम्मेदारी

कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। हरजीत सिंह लड्डी एनआईए की मोस्ट वांटेड आतंकवादी की लिस्ट में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक लड्डी ने कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान को लेकर इस हमले को अंजाम देने की बात कही है। हालांकि ये साफ नहीं हो पाया है कि कपिल शर्मा का कैफे इस हमले का सीधा निशाना था या ये सिर्फ उन्हें धमकी देने का प्रयास था।

## टेनिस एकेडमी चलाती थी मृतिका

# टेनिस खिलाड़ी की रील बनाने की लत, पिता ने मारी गोली

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव (25) की हत्या कर दी गई। खबरें हैं कि राधिका के पिता ने ही गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना दोपहर के वक्त हुई, जब बाप-बेटी घर में अकेले थे। घटना की कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर ही पुलिस को पता चला कि युवती के पिता ने ही उसे गोली मारी है। युवती को तीन गोलियां लगी थीं।



### रील बनाने को लेकर हुआ था विवाद

ये घटना गुरुग्राम के सेक्टर 56 थाना क्षेत्र के सेक्टर 57 में दोपहर 2 बजे के आसपास हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने राधिका के घर से 3 बार गोलियां चलने की आवाज सुनी। जब वे घर पहुंचे तो देखा कि राधिका खून से लथपथ पड़ी थी और पास में पिता भी थे। लोग राधिका को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पिता ने लाइसेंसी पिस्टल से वारदात को अंजाम दिया।

## शहीद लोकेंद्र सिंधु पंचतत्व में विलीन, पत्नी ने बेटे संग दी श्रद्धांजलि

# शहीद पायलट ने 10 दिन पहले ही मनाया था 1 माह के बेटे का बर्थडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा में रोहतक के शहीद पायलट लोकेंद्र सिंह सिंधु (32) गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ज्ञानेंद्र सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी। राजस्थान के चूरू में ट्रैनिंग के दौरान एयरफोर्स के जैगुआर प्लेन क्रैश में लोकेंद्र सिंधु शहीद हो गए थे। पायलट की शहादत के बाद उनके घर से बेहद की रुला देने वाली जानकारियां सामने आई हैं। दादा बलवान सिंह सिंधु ने बताया कि लोकेंद्र बेहद शांत स्वभाव का था। बचपन में उसके साथ मेले में जाता था। कभी ज्यादा पैसे खर्च नहीं किए।

### हादसे से तीन घंटे पहले फोन पर बेटे के बारे में की थी बात

भाई ज्ञानेंद्र सिंह सिंधु ने बताया कि लोकेंद्र पढ़ाई में तेज था। 12वीं पास करते ही एनडीए की परीक्षा पहले ही प्रयास में उर्तीण कर ली थी। 2015 में उसे कमीशन मिला था। दो दिन पहले भतीजी के जन्मदिन पर परिवार से वाट्सअप ग्रुप में खूब बात की थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को हादसे से तीन घंटे पहले फोन पर बेटे के बारे में बात की थी। बड़े भाई ज्ञानेंद्र ने कहा, उन्होंने देश के लिए वो सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो कोई सैनिक कर सकता है। वे अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए। उन्होंने आम नागरिकों की जान बचाते हुए अपनी जान गंवाई। मेरे परिवार और मुझे उन पर गर्व है।



**1 जुलाई को लौटे थे ड्यूटी पर**

शहीद लोकेंद्र अपने पीछे डॉक्टर पत्नी, एक माह के बेटे, बहन, माता-पिता और दादा-दादी को छोड़ गए हैं। भाई ने बताया कि लोकेंद्र 10 दिन पहले 30 जून को घर पर थे। उस दिन परिवार में उनके बेटे के जन्म की खुशी में एक समारोह रखा गया था। वे 1 जुलाई को ड्यूटी पर वापस लौटे थे। हादसे से महज तीन घंटे पहले उनका परिवार से मैसेज पर संवाद हुआ था और उससे एक रात पहले वीडियो कॉल पर बात हुई थी।

### भाई ने किया वीरता को सलाम

भाई ज्ञानेंद्र सिंह सिंधु ने बताया कि उन्हें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण वह घनी आबादी वाले इलाके की ओर गिरने लगा। दोनों पायलटों ने किसी तरह विमान को उस इलाके से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान विमान जमीन के बहुत करीब आ गया। उन्होंने कहा, जैगुआर ट्रेनर विमान में अगर 500 फीट से नीचे आ जाएं, तो पायलट सीट से बाहर नहीं निकल सकते। इसी वजह से दोनों पायलट विमान से बाहर नहीं निकल पाए और हादसे में उनकी जान चली गई। परिवार ने लोकेंद्र की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को सलाम किया है और पूरे देश से उनकी शहादत को याद रखने की अपील की है।

*अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी (तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो) पर बनाए जा रहे मेगा डैम को भारत के लिए 'वॉटर बम' बताते हुए गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है, ये सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से बड़ा होगा, जो सीमावर्ती जनजातियों के जीवन, भूमि और संसाधनों को तबाह कर सकता है।*

**अरुणाचल सीएम बोले-** अगर पानी छोड़ा तो सियांग बेल्ट हो जाएगी खत्म

# ब्रह्मपुत्र नदी में बन रहा चीन का मेगा डैम भारत के लिए 'वॉटर बम'

## ड्रैगन ने अंतर्राष्ट्रीय जल-बंटवारा समझौतों पर नहीं किया है हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में पेमा खांडू ने कहा कि चीन अंतरराष्ट्रीय जल संधि का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, और यही सबसे बड़ी चिंता है। अगर चीन इस संधि पर हस्ताक्षर करता, तो उसे नदी के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों के लिए पानी छोड़ना पड़ता, जिससे भारत खासकर अरुणाचल और असम को फायदा होता, लेकिन वर्तमान में चीन पर किसी तरह की वैधानिक बाध्यता नहीं है, और इसी वजह से भारत के लिए खतरा बढ़ गया है।



### चीन पर नहीं किया जा सकता भरोसा

खांडू ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वो क्या करेगा। चीन से सैन्य ख़तरे को अलग रखते हुए, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज़्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का ख़तरा पैदा करने वाला है। यह काफ़ी गंभीर विषय है, क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है।



**अचानक पानी छोड़ा, तो पूरा सियांग हो जाएगा नष्ट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि चीन ने अंतर्राष्ट्रीय जल-बंटवारा समझौतों पर हस्ताक्षर किए होते तो यह परियोजना वरदान साबित हो सकती थी, क्योंकि इससे अरुणाचल प्रदेश, असम और बांग्लादेश में गर्मियों में आने वाली बाढ़ को रोका जा सकता था। उन्होंने समाचार एजेंसी को बताया कि लेकिन चीन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और यही समस्या है। मान लीजिए कि बांध बन गया और उन्होंने अचानक पानी छोड़ दिया, तो हमारा पूरा सियांग क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। खास तौर पर, आदि जनजाति और इसी तरह के समूहों को अपनी सारी संपत्ति, ज़मीन और ख़ासकर मानव जीवन को विनाशकारी प्रभावों से जूझते देखना पड़ेगा। अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने भारत सरकार के साथ विचार-विमर्श के बाद सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना नामक एक परियोजना बनाई है, जो रक्षा तंत्र के रूप में काम करेगी और जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि चीन या तो काम शुरू करने वाला है या उसने अपनी तरफ़ काम शुरू कर दिया है। लेकिन वे कोई जानकारी साझा नहीं करते। लंबे समय में, अगर बांध पूरा हो गया, तो हमारी सियांग और ब्रह्मपुत्र नदियां काफ़ी हद तक सूख सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत सरकार अपनी परियोजना को योजना के अनुसार पूरा कर ले, तो वह अपने बांध की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो जाएगी।

### चीन की मेगा बांध परियोजना

*साल 2021 में यारलुंग त्सांगपो बांध परियोजना की घोषणा चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग की सीमा क्षेत्र की यात्रा के बाद की गई थी। चीन ने कथित तौर पर 2024 में पांच साल की, 137 बिलियन डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी, जिससे 60,000 मेगावाट बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जल विद्युत बांध बन जाएगा। यह परियोजना पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में स्थित है, जो टेक्टोनिक प्लेट सीमा के किनारे स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं।*

## खबर संक्षेप

### 'कर्नाटक में सीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं'



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर राज्य सरकार में नेतृत्व परिवर्तन से जुड़ी अटकलों को खारिज कर दिया। सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए ''कोई वैकेंसी नहीं'' है और वह पद पर बने हुए हैं। सिद्धारमैया ने दावा किया कि वह मुख्यमंत्री के रूप में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और उन्होंने इस साल के आखिर में डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त होने से संबंधित अटकलों को खारिज कर दिया।

### हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सीईओ समेत 4 अरेस्ट

**हैदराबाद।** क्रिकेट जगत को चौंकाने वाली घटना हुई है। पुलिस ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन बड़े पदाधिकारी भी शामिल हैं। इन पर धोखाधड़ी और पैसे के गलत इस्तेमाल का आरोप है। गिरफ्तार किए गए लोगों में HCA के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष सीजे श्रीनिवास राव और CEO सुनील कांटे शामिल हैं। शहर के एक क्रिकेट क्लब के दो बड़े अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। एक और बड़े HCA पदाधिकारी की भूमिका की जांच हो रही है, लेकिन उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### राज-उद्धव हिम्मत है तो अंबानी के पास जाओ'



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में भाषा विवाद को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने अपना रुख स्पष्ट किया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुकानदार के साथ मराठी भाषा नहीं आने पर मारपीट की गई थी, जिसके बाद से भाषा विवाद काफी ज्यादा चर्चा में है। अब दुबे ने कहा कि 'मुंबई या महाराष्ट्र द्वारा दिए जाने वाले टैक्स में हमारा भी योगदान है। इसका ठाकरे परिवार या मराठा से कोई लेना देना नहीं है। आप गरीबों को पीटते हैं, लेकिन मुकेश अंबानी वहीं रहते हैं और वो मराठी बहुत कम बोलते हैं। अगर हिम्मत है तो आप उनके पास जाओ।'

### मलेशिया में पुलिस का हेलीकॉप्टर सीधे नदी में गिरा

**नई दिल्ली।** मलेशिया के जोहोर राज्य में बुधवार सुबह एक पुलिस हेलिकॉप्टर आपात लैंडिंग के दौरान सीधे नदी में जा गिरा। यह हादसा सुंगाई पुलाई इलाके में हुआ। उस वक्त हेलिकॉप्टर नियमित सैन्य अभ्यास में शामिल था। हेलिकॉप्टर में सवार पांचों क्रू मेंबर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी घायल अफसरों को जोहोर बारू के सुल्ताना अमीना अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलेशिया की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा है कि हादसे की जांच एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो करेगा।

## चुनाव को लेकर दूसरे राज्यों में रह रहे बिहारियों में है बेचैनी

# दिल्ली में रह रहे वोटर परेशान, 'मैं कैसे साबित करूंगा- मैं कौन हूं और कहां से हूं?'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए एक कारण लगातार पलायन को बताया गया। दिल्ली में रह रहे प्रवासियों को या तो यह नहीं पता चला कि उन्हें फिर से नामांकन की जरूरत है या अगर पता भी है तो वे चुनाव आयोग की तरफ से मांगे जा रहे 11 डॉक्यूमेंट्स का इंतजाम कैसे करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बेगूसराय के रहने वाले अंकित इस वक्त पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में लोडर का काम करते हैं। अंकित ने अपना फोन दिखाते हुए कहा, 'मैंने अभी तक नहीं सुना और मैं तो मोबाइल पर रोज न्यूज देखता हूं।' अंकित विधानसभा चुनाव से पहले अपने घर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, उनके पास केवल आधार कार्ड और पहचान पत्र ही है। चुनाव आयोग की तरफ से मांगे गए डॉक्यूमेंट में जन्म स्थान का प्रमाण भी मांगा गया है।

**खास बातें**

- चुनाव आयोग के वोटर पुनरीक्षण कार्य को लेकर मचा है घमासान
- इस साल के आखिर में होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव



### सब जगह आधार कार्ड मांगते हैं : अंकित

अंकित ने कहा, 'जो अंगूठा छाप हैं, उनके पास ऐसे डॉक्यूमेंट कैसे होंगे? मैंने तो कभी जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं बनवाया। मुफ्त राशन से लेकर अस्पतालों में इलाज तक, हर चीज के लिए अधिकारी आधार कार्ड मांगते हैं। अब आप कह रहे हैं कि आधार कार्ड काम नहीं करेगा। ये कैसे मुमकिन है।' दिल्ली और पड़ोसी नोएडा के लेबर चौकों, बाजारों और कॉलोनियों में बिहारी प्रवासियों की संख्या ज्यादा है। अंकित की तरह ही और भी कई लोग हैं।

### परिवारों को चुनाव आयोग ने दिया निर्देश

*चुनाव आयोग ने कहा है कि माइग्रेंट वोटर अपने फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं और बूथ लेवल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे उनके परिवारों को इसकी सूचना दें। हालांकि, बहुत से लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करने में पारंगत नहीं हैं और अगर वे जानते भी हैं, तो उन्हें डॉक्यूमेंट्स की समस्या का सामना करना पड़ता है। सदर बाजार के मिठाई पुल पर बिहार के भागलपुर जिले से आए 29 साल के दलित अमरजीत कुमार का दावा है कि हाल ही में चोरी में उनके सारे दस्तावेज खो गए। भागलपुर के एक गांव में एक छोटा सा कच्चा घर उनके परिवार की एकमात्र संपत्ति है और कुमार अपनी सारी कमाई घर भेजने की कोशिश करते हैं। इसलिए दिल्ली में, वह फुटपाथ पर सोते हैं। उन्होंने कहा, 'किराए का कमरा बहुत महंगा है। एक महीने पहले फुटपाथ से ही मेरे सारे डॉक्यूमेंट्स वाला बैग चोरी हो गया था।'*

### मैं यहां रहते हुए फॉर्म कैसे भर सकता हूं

नोएडा के सेक्टर 58 में मौजूद लेबर चौक पर बिहार के अररिया जिले से आए 30 साल के दलित मिथिलेश कुमार की सुबह मुश्किलों भरी रही, क्योंकि उन्हें कोई छोटा-मोटा काम नहीं मिल रहा था। वह राजमिस्त्री घरों में रंग-रोगन का काम करते हैं। मिथिलेश ने एसआईआर अभियान के बारे में सुना है, लेकिन आगे क्या करें, इसे लेकर वह भी असमंजस में हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी पत्नी ने बताया कि एक अधिकारी घर आए थे। लेकिन वह यह नहीं बता पाए कि क्या करना है और मैं यहां रहते हुए फॉर्म कैसे भर सकता हूं।'कुमार ने कहा, 'इतनी जल्दी क्यों। मेरी पत्नी ने बताया कि अधिकारी ने कहा था कि ये काम जल्दी करना होगा। इन कामों के लिए लोगों को समय देना चाहिए। हर चीज के लिए अधिकारी रिश्वत चाहते हैं। मेरे पास इसके लिए पैसे नहीं हैं। मुश्किल लग रहा है।' हालांकि, उन्हें इस बात का भी डर सता रहा है कि उनका नाम वोटर लिस्ट से कट ना जाए। मिथिलेश ने कहा, 'फिर मैं कैसे साबित करूंगा कि मैं कौन हूं और कहां से हूं? वोट देना जरूरी है।'

# वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त खुद लिया संज्ञान

## जांच एजेंसियों पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने वकीलों को जांच एजेंसियों द्वारा समन भेजने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर खुद संज्ञान लेते हुए स्वतः संज्ञान में मामला शुरू किया है। अदालत यह तय करेगी कि क्या सिर्फ कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को सीधे जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ 14 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करेगी, जब ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलेगी। हालांकि, जांच एजेंसी ने बाद में अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन की जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें। ईडी ने 20 जून को जारी एक पत्र में आगे कहा कि इस नियम में कोई भी अपवाद केवल उसके निदेशक की अनुमति के बाद ही किया जा सकता है।



### क्या था पूरा मामला?

क्रम सं. (5): ई-निविदा संख्या: DRM-ENGG -BSP-T-98-25-26. दिनांक: 03.07.2025. कार्य का नाम : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/(पी.वे.)/हिमगिर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी. वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य : ₹ 1,40,98,193/- | अमानत राशि : ₹ 2,20,500/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 30.06.2026 तक।

क्रम सं. (6): ई-निविदा संख्या: DRM-ENGG -BSP-T-99-25-26. दिनांक: 03.07.2025. कार्य का नाम : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/(पी. वे)/ ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी. वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य : ₹ 1,21,91,584/- | अमानत राशि : ₹ 2,11,000/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 30.06.2026 तक।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 16.07.2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 30.07.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/158 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)
### ई-नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वनमंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में ई - नीलाम किया जावेगा।

1. ई - नीलाम दिनांक - 23.07.2025
2. ई - नीलाम समय - प्रातः 09.00 बजे से प्रारंभ

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 172.084 | 0 | 172.084 | 0 |
| 2 | साल | 930.000 | 0 | 1313.331 | 134 | 2243.331 | 134 |
| 3 | बीजा | 2.000 | 0 | 62.171 | 0 | 64.171 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 6.901 | 0 | 6.901 | 0 |
| 5 | साजा | 2.000 | 0 | 39.071 | 832 | 41.071 | 832 |
| 6 | हल्दू | 1.000 | 0 | 15.381 | 0 | 16.381 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 2.000 | 0 | 1.152 | 721 | 3.152 | 721 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 5.868 | 0 | 5.868 | 0 |
| 9 | अन्य | 3.000 | 0 | 139.788 | 1146 | 142.788 | 1146 |
| 10 | आर.टी.एल. | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग - | 940.000 | 1699 | 1755.747 | 2833 | 2695.747 | 2833 |
| 11 | जलाऊ | 350 चट्टा | - | 941 चट्टा | - | 1291 चट्टा | - |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी -अधिकता संभव है।

**वनमंडलाधिकारी**
**धरमजयगढ़ वनमंडल**

G- 252602113/3



## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-06

Email id : ee-res.durg@gov.in

ज्ञा.क्रं. 1736/व.ले.लि./ग्रा.यां. से./2025-26 दुर्ग, दिनांक 09/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | शा.प्राथ. शाला का जीर्णोद्धार एवं तीन अतिरिक्त कमरा निर्माण ग्राम पंचायत हनोदा (शेष कार्य) S.T. No. 171763 | 24.52 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in में **दिनांक 09/07/2025** से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की **अंतिम तिथि 23.07.2025** तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,**
**दुर्ग (छ.ग.)**

G-252602127/3


# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 345 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 345 अंक के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 121 अंक टूट गया। निवेशकों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा, शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 345.80 अंक की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 120.85 अंक की गिरावट के साथ 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, के पहली तिमाही के नतीजों से पहले आईटी शेयरों में कमजोर रुख के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी और वित्त क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहने की आशंका के कारण पहली तिमाही के नतीजों से पहले निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है...।''लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणा और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनियों के वित्तीय नतीजों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं।

# अक्टूबर तक पूरी हो सकती है बैंक आईडीबीआई की बिक्री

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की है, जो वित्तीय बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को दिया जाएगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन साल से चल रही है। सरकार ने अक्टूबर, 2022 में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलाईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को रुचि पत्र (ईओआई) मांगे थे। इसमें भारत सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि डेटा रूम के लिए उचित प्रक्रिया अभी चल रही है और सरकार जल्द ही वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी।उन्होंने कहा, "आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। अक्टूबर, 2022 में रुचि पत्र आमंत्रित करने के बाद जनवरी, 2023 में निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को आईडीबीआई बैंक के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए।


## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018**
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/बीज भवन तेलीबांधा मरम्मत / 472 / 25-26/3016 रायपुर, दिनांक 09/07/2025

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.08.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 11.08.2025

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर के प्रथम तल में स्थित क्षतिग्रस्त कार्यालय भवन में नवीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य । | 27.52 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखे जा सकते है ।

S-44494/2 **प्रबंध संचालक**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 28.07.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 62 | 171676 | दहीकोंगा बड़ेकनेरा मुख्य मार्ग से शिवमंदिर पहुँच मार्ग लंबाई 1.675 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 170.06 लाख |
| 02 | 63 | 171677 | उपसंभाग केशकाल अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 40.00 लाख |
| 03 | 64 | 171679 | उपसंभाग कोण्डागांव क्रमांक 01 अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य । | 35.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।

**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है ।**
**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 28.07.2025 है।**
**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G-252602098/1



## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Ph. No.: +91-651-2225878 e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752,**

**Project Name**: Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand.
**NIT No.**: JUIDCO/NIT/GIS Survey & Mapping/656
**PR No.**: 353778
**Tender ID**: 2025_UDD_101576_1

This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Selection of Agency for GIS Survey & Mapping of properties for Ranchi, Dhanbad and Giridih Urban Local Bodies (ULBs) of Jharkhand".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 5**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per Corrigendum- 4 | As per Corrigendum - 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date/Time for submission of online bids | 11.07.2025 17:00 Hrs. | 18.07.2025 17:00 Hrs. |
| 2. | | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Online) | 11.07.2025 17:00 Hrs. | 18.07.2025 17:00 Hrs. |
| 3. | | Date & Time of Online Bid Opening | 12.07.2025 17:00 Hrs. | 19.07.2025 17:00 Hrs. |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd.**

PR.NO.356986 Urban Development and Housing(25-26):D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## R.C.D. , ROAD DIVISION, SAHIBGANJ

**e- Procurement Notice**
**e-Tender Reference no.- RCD/SAHIBGANJ/623/2025-26**
**Dated : 09.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **IRQP work Babupur Pandit Tola to Chutia More Road (Total Length – 3.650 Km) under Road Division, Sahibganj for the year 2025-26** |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | **Rs. 3,79,51,954.00** (Rupees Three Crores Seventy Nine Lacs Fifty One Thousand Nine Hundred Fifty Four and Zero Paise) Only. |
| 3 | Time of Completion | 04 (Four) Months |
| 4 | Last date / Time for receipt of bids | 11.08.2025 upto 12.00 Noon |
| 5 | Date of Publication of Tender on website | 21.07.2025 from 10.30 A.M. |
| 6 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D. Road Division, Sahibganj |
| 7 | Contact no. of Procurement officer | 8271102250 |
| 8 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651 - 2401010 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, SAHIBGANJ**

**PR 357019**
**Road(25-26).D**



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email - sepwlkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 28.07.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 67 | 171749 | कोण्डागांव के बायपास मार्ग में रोड़ मार्किंग एवं रोड़ फर्निचर का कार्य । | 43.79 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

ठेकेदार को चेप्टर 8 आयटम नंबर 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 एवं 8.13 हेतु अनुमोदित विशेष कंडिका के अनुसार होना अनिवार्य है।
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 28.07.2025 है।
नोटः- प्रथम आमंत्रण

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G-252602102/2



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर
## जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
e-mail- eewrknk@cgwrd.in

क्रमांक /1941 /व.ले.लि./2025-26 कांकेर, दिनांक 09/07/2025

**कार्यालयीन आदेश**

इस कार्यालय की निविदा सूचना क्रमांक 18 / व.ले.लि. सिस्टम क्रमांक 162889 दिनांक 17.12.2024 द्वारा कांकेर जिले के विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत कोचवाही नाला में एनीकट निर्माण कार्य, अनुमानित लागत रूपये 43732644.00 के लिए आमंत्रित निविदा मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ ), कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर के पत्र क्रमांक 4263462 / नि.प्र / 2024 / 698 (TC) रायपुर, दिनांक 21.03.2025 में दिए गए निर्देशों के परिपालन में उक्त आमंत्रित निविदा खोली गई एवं मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग का TND. 03783/44 / सा / 2024 / 4462, दिनांक 23.05.2025 एवं इस कार्यालय के LOA 00132 / 1350 / व.ले. लि, दिनांक 26.05.2025 में दिए गए निर्धारित अवधि तक निविदाकार द्वारा अनुबंध करने हेतु कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए ।

अतः अनुबंध की कंडिका 2.10 के तहत निविदा को निरस्त करते हुए अमानत राशि राजसात की जाती है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग कांकेर**
**जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

G-252602095/2



## विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक
## बी॰ आई॰ टी॰, मेसरा, राँची – 835215
## Website : univpoly.bitmesra.ac.in

**डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग द्वितीय चरण (VACANT SEATS) हेतु नामांकन सूचना –**

विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक, मेसरा झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग एवं बी0 आई0 टी0, मेसरा का एक संयुक्त उद्यम है। यह पूर्णतः आवासीय संस्थान है। इस संस्थान में निम्नलिखित विषयों के रिक्त सीटो में नामांकन हेतु प्रत्याशियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

1. ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग
2. कम्प्यूटर इंजीनियरिंग
3. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
4. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
5. इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
6. सिविल इंजीनियरिंग

(1) **शैक्षणिक योग्यता –**
(1.1) आवेदक को **मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा में सारे विशयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**
(1.2)

| श्रेणी (Category) | अनारक्षित वर्ग एवं अन्य पिछड़ी जाति के लिए (UR & OBC) | अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए (ST & SC) | आदिम जनजाति के लिए (PVTG) | विकलांग सभी श्रेणी (PH) |
|---|---|---|---|---|
| गणित एवं विज्ञान के प्राप्तांक का प्रतिशत | 45% या ज्यादा | Pass या ज्यादा | Pass या ज्यादा | Pass या ज्यादा |

**सभी श्रेणी के छात्रों का चयन विज्ञान एव गणित में प्राप्तांक के जोड़ का प्रतिशत के आधार पर होगा।**

(2) **आवासीय प्रमाण पत्र :–** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्र संख्या 14 / विविध – 15–22 / 2019 का0 5752 दिनांक – 19.07.2019 के अनुसार आवेदक को झारखण्ड का स्थानीय निवासी होना चाहिए। उक्त के अनुसार अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(3) **जाति प्रमाण पत्र :–** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक – 14 / जा0 नि0 –03–13 / 2015 का0 1754 दिनांक – 25.02.2019 के अनुसार जाति प्रमाण पत्र जिले के अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(4) **आयु सीमा** – अधिकतम आयु सीमा 30 जून, 2025 को सामान्य कोटि एवं अन्य पिछड़ी जाति के लिए **19** वर्ष एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए **24** वर्ष निर्धारित की गयी है।

आवेदन पॉलिटेकनिक के **website** पर online भरा जा सकता है। पूर्णतः भरा हुआ आवेदन पत्र online आवेदन शुल्क (State Bank Collect के माध्यम से देय) **रु0 600** (अनारक्षित वर्ग Unreserved Category के लिए) / **रु0 350** (आरक्षित वर्ग ST, SC, PVTG & OBC Category के लिए) के e-receipt के साथ Submit करना है। आवेदन करने कि अंतिम तिथि **22 जूलाई, 2025** के संध्या 5 बजे तक है।

**नोटः** आवेदक को निर्देश दिया जाता है कि समय–समय पर **website: univpoly.bitmesra.ac.in & www.bitmesra.ac.in/12** पर उपलब्ध दिशा निर्देशों की जानकारी रखें।

आवेदन करने की अंतिम तिथि – **22 जूलाई, 2025 (Monday to Friday, 9.00 AM to 5.30 PM)**
मेधाक्रम (Merit List), साक्षात्कार एवं नामांकन (Counselling cum Admission) के प्रकाशन की तिथि संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से अधिसूचित की जाएगी।
Contact details–9470588848 email–admissions.univpoly@bitmesra.ac.in

**निदेशक**
**विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक**

**आदिवासी कल्याण आयुक्त।**

**PR 356972 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department)25-26*D**

# जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन 2025 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के साथ ही रोजर फेडरर के एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इटली के फ्लेवियो कोबोली को चार सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7 (6/8), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर, जोकोविच ने 14वीं बार विंबलडन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले वे फेडरर के 13 सेमीफाइनल के रिकॉर्ड की बराबरी पर थे।

इसके साथ ही, यह जोकोविच का 52वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है, जो पुरुष टेनिस में उनका अपना ही रिकॉर्ड है। यह उन्हें ओपन एरा में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए क्रिस एवर्ट के रिकॉर्ड की बराबरी पर भी लाता है। 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार अब अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा।



### विंबलडन के मेंस सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा बार पहुंचने वाले खिलाड़ी

1 नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा 14 बार (2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 ) विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

2 रोजर फेडरर ने 13 बार (2003, 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019) सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

3 जिमी कॉनर्स तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने (1974, 1975, 1977, 1978, 1979, 1980, 1981, 1982, 1984, 1985, 1987) 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

### अनिसिमोवा पहली बार पहुंची ग्रैंड स्लैम के फाइनल में



तेरहवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने विंबलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा, 'यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की।' अब ट्रॉफी के लिए शनिवार को उनका सामना इगा स्वियातेक और बेलिंडा बेनसिच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस तरह लगातार आठवीं बार विंबलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### आज से इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**बेंगलुरु।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में भारत के 262 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो नई दिल्ली में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका होगा। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, 'मैं प्रत्येक एथलीट को शुभकामनाएं देता हूं और उनकी अद्भुत प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हूं।'

### 19 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी 20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा। लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, 'हमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे सत्र की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस साल, हम ज्यादा मैचों, ज्यादा आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।' यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। आने वाले हफ़्तों में आयोजन स्थलों और कार्यक्रम के साथ ही टीमों की संरचना और प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा भी की जाएगी। इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में शिखर धवन, सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया था।



### नई दिल्ली में होगी 2 निशानेबाजी प्रतियोगिता

**म्यूनिख।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान नई दिल्ली को दो बड़ी प्रतियोगिताओं 2027 में संयुक्त विश्व कप और 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी। महत्वपूर्ण 2026-27 सत्र के कैलेंडर की घोषणा करते हुए आईएसएसएफ ने कहा कि इस साल सितंबर-अक्टूबर में जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/ शॉटगन) का आयोजन करने वाला नई दिल्ली अगले साल तीनों वर्ग में प्रतिष्ठित विश्व कप चरण की मेजबानी करेगा, जिसकी तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। नई दिल्ली स्थित कर्णी सिंह रेंज ने पिछले साल अक्टूबर में सत्र के अंत में होने वाले एलीट विश्व कप फाइनल की भी मेजबानी की थी।



## तीसरे टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड के 4 विकेट पर 251 रन

# लॉर्ड्स में रेड्डी सबसे सफल भारतीय गेंदबाज, शतक की दहलीज पर रूट

एजेंसी ▶▶| लंदन

जो रूट के नाबाद अर्धशतक से इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में चल रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार का 4 विकेट पर 251 रन बनाए लेकिन भारत ने रन गति पर नियंत्रण बनाए रखकर मुकाबले को अपनी पकड़ से बाहर नहीं जाने दिया। अपने 37वें शतक से सिर्फ एक रन दूर रूट 191 गेंद में नौ चौकों की मदद से 99 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स (102 गेंद में नाबाद 39) उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए अब तक 79 रन की साझेदारी कर चुके हैं। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में नीतीश कुमार रेड्डी ने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटके।

### रूट और पोप ने की 109 रन की साझेदारी

भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि दिन के खेल के दौरान रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा और अपने अति आक्रामक 'बैजबॉल' रवैए के लिए मशहूर मेजबान टीम 83 ओवर में 3.02 रन प्रति ओवर की गति से ही रन बना सकी। भारत की ओर से नितीश कुमार रेड्डी (46 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि जसप्रीत बुमराह (35 रन पर एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (26 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद रूट और पोप (104 गेंद पर 44 रन) ने पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और तीसरे विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। जडेजा ने तीसरे सत्र की पहली ही गेंद पर पोप को पवेलियन भेजकर रूट के साथ उनकी शतकीय साझेदारी को तोड़ा।



### चोटिल पंत की जगह जुरेल विकेटकीपिंग के लिए आए



भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दूसरे सत्र के खेल के दौरान बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। पंत की जगह ध्रुव जुरेल को मैदान पर भेजा गया जबकि वह तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में भी शामिल नहीं थे। भारतीय उप कप्तान पंत को मैदान में दिए गए उपचार के बाद कोई फायदा नहीं हुआ, जिसके बाद जुरेल मैदान में उतरे। पारी के 34वें ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद को लेग साइड में रोकने के लिए डाइव लगाने के बाद पंत दर्द से कराह रहे थे। पंत गेंद पर हाथ लगाने में कामयाब रहे लेकिन इसे पूरी तरह से रोक नहीं पाए। इसके बाद खेल कुछ देर के लिए रुका रहा क्योंकि भारतीय सहयोगी स्टाफ पंत के हाथ का उपचार करने के लिए मैदान में थे। लेकिन खेल फिर से शुरू होने पर वह विकेटकीपिंग करने में असमर्थ हो गए। अंत में बुमराह का ओवर समाप्त होने के बाद पंत मैदान से बाहर चले गए और जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली।

## हॉकी क्लब ओरांजे रूड

# भारत का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को लगातार दूसरी बार हराया



एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था।

उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला शनिवार को फ्रांस से होगा। भारतीय कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि टीम आयरलैंड के खिलाफ किए गए शानदार प्रदर्शन को फ्रांस के खिलाफ होने वाले मैच में भी जारी रखना चाहेगी।

उन्होंने कहा, 'आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हमारा सामना फ्रांस से होगा और मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखेगी।' आयरलैंड और फ्रांस के अलावा भारत दो सप्ताह के अपने यूरोपीय दौरे में इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ भी खेलेगा।

### राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 14 से, 33 खिलाड़ियों की घोषणा

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 14 जुलाई से 7 अगस्त तक साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

## क्लब विश्व कप

# पीएसजी ने किया फाइनल में प्रवेश रियाल मैड्रिड को दी करारी शिकस्त

- फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से बनाई बढ़त
- रविवार को फाइनल में चेल्सी से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज़ ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए।

अपना पहला यूरोपीय खिताब जीतने के बाद पीएसजी अब रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए मैदान पर कदम रखेगा। पीएसजी की रियाल मैड्रिड पर इस बड़ी जीत ने चैंपियंस लीग के फाइनल की याद भी ताजा कर दी। उसने तब इंटर मिलान को 5-0 से हराया था।

### अंडर-20 महिला फुटबॉल : 13 और 16 जुलाई को भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मैच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि भारतीय अंडर-20 महिला टीम 13 और 16 जुलाई को ताशकंद में उज्बेकिस्तान अंडर-20 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। ये दोनों मैच म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा होंगे। स्वीडिश कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने 24 सदस्यीय भारतीय की घोषणा की जो गुरुवार रात बेंगलुरु से रवाना होगी। टीम भी बेंगलुरु में ही तैयारी कर रही है। भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में इंडोनेशिया (छह अगस्त), तुर्कमेनिस्तान (आठ अगस्त) और म्यांमार (10 अगस्त) से यंगून में भिड़ेगा। सभी 8 ग्रुप के विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम अगले साल थाईलैंड में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कप्तानी की कमान राधा को, टिटास और श्रेयंका टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए गुरुवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। वहीं बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय, एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले में टीम की कप्तानी करेंगी। चोटों से वापसी करने वाली श्रेयंका और टिटास को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया, जो 7 से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।



# कर्टिस कैंफर ने बनाया रिकार्ड, 5 गेंद में 5 विकेट लेने वाले बने पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| डबलिन।

आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर अंतर-प्रांतीय टी20 ट्रॉफी मैच में नॉर्थ वेस्ट वारियर्स पर अपनी टीम मुंस्टर रेड्स की जीत के दौरान 5 गेंद में 5 विकेट लेने वाले पहले पेशेवर क्रिकेटर बने। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट चटकाए हैं। कैंफर हालांकि 5 गेंद में 5 विकेट चटकाने वाले पहले क्रिकेटर नहीं हैं।

यह सम्मान जिम्बाब्वे की महिला ऑलराउंडर केलिस नधलोवु को जाता है, जिन्होंने 2024 में एक घरेलू टी20 टूर्नामेंट में ईगल्स महिला टीम के खिलाफ जिम्बाब्वे अंडर-19 के लिए पांच गेंद में पांच विकेट लिए थे। मुंस्टर रेड्स के 26 वर्षीय कप्तान और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कैंफर ने अपने दूसरे और तीसरे ओवर में पांच विकेट लिए, जिससे नॉर्थ वेस्ट वारियर्स 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.3 ओवर में पांच विकेट पर 87 रन से 88 पर सिमट गई। कैंफर ने डबलिन के सैंडीमाउंट स्थित पेम्ब्रोक क्रिकेट क्लब में 2.3 ओवर में 16 रन पर पांच विकेट लिए। आयरलैंड के लिए 2020 में पदार्पण करने के बाद से कैंफर ने सात टेस्ट, 43 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।



### फिडे महिला विश्व कप : हम्पी ने खामदामोवा को हराया

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने उज्बेकिस्तान की अफरुजा खामदामोवा के साथ आसान ड्रॉ खेलकर दूसरे दौर में अपना मिनी-मैच 1.5-0.5 से जीत लिया जबकि डी. हरिका ने हमवतन पीवी नंदीधा को हराकर फिडे महिला विश्व शतरंज कप के अंतिम 32 चरण में प्रवेश किया। आर. वैशाली ने भी अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने कनाडा की ओउलेट मैली-जेड को हरा दिया जबकि एक अन्य भारतीय दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया की केसरिया मगेलाद्ज़े को शिकस्त दी। के. प्रियंका ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और पोलैंड की क्लाउडिया कुलोन के साथ लगातार दो बाजी ड्रॉ खेलकर टाईब्रेकर में पहुंच गईं।



## टीम इंडिया ने 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की बनाई अजेय बढ़त

# महिला टी20 : विदेशी धरती पर लहराया भारत का परचम

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा।

भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी। बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई।



### जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका

राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।

### रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि हम यहां श्रृंखला जीतने में सफल रहे। जिस तरह से हमने इस श्रृंखला में प्रदर्शन किया उससे मुझे अपनी टीम पर गर्व है। लय हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण था और जिस तरह से प्रत्येक खिलाड़ी में अपना योगदान दिया उससे मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड दौरे पर आने से पहले हमने भारत में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हमने अपनी रणनीति पर काम किया था और यहां उस पर अच्छी तरह से अमल किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता थी और उसी के अनुसार हमने खेला।' भारत ने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से करारी शिकस्त दी थी और फिर ब्रिस्टल में 24 रन से जीत हासिल की, जो इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे छोटे प्रारूप में इस मैदान पर पहली पराजय थी। भारतीय टीम तीसरे मैच में पांच रन से हार गई थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गई। भारतीय स्पिनरों राधा और दीप्ति ने पावरप्ले के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया।




# रशियन लड़की से बिहार के लड़के ने रचाई शादी देखने वालों की लगी भीड़



**पटना।** बिहार के कटिहार से एक ऐसी प्रेम कहानी सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह प्रेम कहानी सात समंदर पार शुरू हुई और सात फेरों तक पहुंच गई। रूस की एक लड़की और कटिहार के एक डॉक्टर की अनोखी जोड़ी हर किसी की जुबान पर है। दोनों की यह कहानी न सिर्फ प्यार की ताकत दिखाती है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि जब दिल मिलते हैं, तो देश की सीमाएं भी मायने नहीं रखती हैं और न ही संस्कृति का अंतर। कटिहार के नवाबगंज के रहने वाले अनुभव शाश्वत साल 2017 में रूस के एक विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए गए थे। वहां पर साल 2020 में उनकी मुलाकात रूस की अनाथासिया से हुई, जो वहां पर आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रही थीं। कोरोना काल में दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। एक-दूसरे के साथ समय बिताने और समझने के बाद दोनों ने शादी का फैसला किया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2022 में अनुभव डॉक्टरी लाइसेंस के लिए भारत वापस आ गए, लेकिन दोनों के बीच संपर्क और प्यार बरकरार रहा। अनाथासिया भी अनुभव से मिलने के लिए भारत आईं। इसके बाद अनुभव ने उन्हें अपने देश की संस्कृति, परिवार और परिवेश से परिचय कराया।

## मंदिर में लिए सात फेरे

अनुभव ने अपने परिवार और पिता से अनाथासिया से शादी करने की इजाजत मांगी। परिवार की सहमति के बाद दोनों ने कटिहार के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में सनातन धर्म के वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लिए। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जिंदगी भर साथ निभाने की कसमें खाईं। शादी के बाद अनाथासिया बेहद खुश हैं। अनुभव का परिवार भी उनके व्यवहार और सादगी से बेहद प्रभावित है।

# सास को कंधे पर उठाकर कांवड़ यात्रा पर निकली बहू, 'कलियुग के श्रवण कुमार' का मिला टैग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस बार हरिद्वार से शुरू हुई कांवड़ यात्रा में एक ऐसी भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने सबका दिल छू लिया है। हापुड़ की रहने वाली आरती ने सास-बहू के रिश्ते को एक नई मिसाल दी है। उन्होंने अपनी बूढ़ी सास को कांवड़ में बिठाकर यह यात्रा शुरू की, जबकि आमतौर पर लोग इस यात्रा में गंगाजल लाते हैं। आरती की इस सेवा भावना की हर जगह तारीफ हो रही है और सोशल मीडिया पर भी यह चर्चा का विषय बन गया है। हर कोई बहू की खूब तारीफ कर रहा है। आरती अकेली नहीं थीं, उनकी बेटी भी इस यात्रा में साथ थी। खास बात यह रही कि इस कांवड़ में गंगाजल नहीं, बल्कि उनकी सास खुद विराजमान थीं। आरती ने पहले अपनी सास को गंगा स्नान कराया और अब उन्हें साथ लेकर हापुड़ लौट रही हैं। इस अनोखे काम की वजह से लोग उन्हें 'श्रवण कुमार' कहकर सम्मान दे रहे हैं। आरती का कहना है कि यह विचार उन्हें भगवान शिव की कृपा से आया। उन्हें लगा कि जैसे वे खुद गंगा स्नान करना चाहती हैं, वैसे ही उनकी सास को भी यह पुण्य मिलना चाहिए। उनकी सास ने शुरुआत में आरती की ताकत पर थोड़ा संदेह किया था, लेकिन अब वे अपनी बहू पर गर्व महसूस कर रही हैं।



## आज से शुरू होगा पावन महीना

11 जुलाई से सावन का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। इस समय पूरे देश में शिव भक्ति का माहौल रहता है। हरिद्वार में हजारों श्रद्धालु गंगा के किनारे पूजा कर गंगाजल इकट्ठा करते हैं। कांवड़ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह आस्था, सेवा और अनुशासन का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा के कुछ नियम होते हैं। बिना स्नान किए कोई कांवड़ नहीं उठा सकता। इस दौरान नशा, मांसाहार, सजावटी चीजें, तेल और साबुन का उपयोग नहीं किया जाता। श्रद्धालु पूरे रास्ते शिव मंत्रों का जाप करते हैं और सादगी से यात्रा करते हैं।

# समुद्र में जंग की नई तैयारी: 95 फीसदी ग्लोबल इंटरनेट को दांव पर लगा रहा है चीन, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन ने समुद्र की गहराइयों में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने एक ऐसे डिवाइस का निर्माण किया है जो बेहद गहराई में जाकर सबसे मजबूत अंडरसी केबल को भी काट सकता है। इस उपकरण को चाइना शिप साइंटिफिक रिसर्च सेंटर और स्टेट लैबोरेटरी ऑफ डीप सी मैन्ड व्हीकल्स ने मिलकर बनाया है।

## कैसे काम करता है डिवाइस?

केबल को पानी के नीचे काटने से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, खासकर तब, जब उनकी मजबूती स्टील से भी अधिक मजबूत हो. इस समस्या ने निपटने के लिए इंजीनियर हू हाओलोंग की टीम ने खास डिवाइस बनाया है। इसमें 6 इंच की हीरा ग्राइंडिंग व्हील है जो 1600 आरपीएम की रफ्तार से घूमता है। इस मशीन से निकली ताकत स्टील को भी चकनाचूर कर सकती है और इस दौरान समुद्र के तल पर हलचल भी पता नहीं चलेगी. इसे पावर 1 किलोवाट की मीटर और 8:1 के गियर रिड्यूसर से मिलती है।



## दुनिया में पहली बार

पहली बार किसी देश ने खुले तौर पर ऐसा डिवाइस बनाने की घोषणा की है। चीन का ये डिवाइस दुनिया भर के संचार और सैन्य अभियानों के लिए जरूरी समुद्र के नीचे बिछाई जाने वाली केबल को निशाना बना सकता है। इन केबल्स की मदद से दुनिया का 95% डाटा एक से दूसरी जगह भेजा जाता है। महाद्वीपों को जोड़ने के अलावा ये मनी मार्केट डिफेंस सिस्टम और रोजाना की डिजिटल सेवाओं को ठीक से चलाने मे मदद करते हैं।

## रोबोट की लगती है मदद

*इस कटर का निर्माण ही बहुत ज्यादा मुश्किल जगहों पर काम करने के लिए बनाया गया है। इस टाइटेनियम मिक्स धातु के खास कवर में रखा गया है जिसमें तेल से भरी हुई सीलें लगी हैं। यह सील इस डिवाइस पर 4,000 मीटर की गहराई में पड़ने वाले दबाव में फटने से बचता है। इतनी गहराई में कुछ दिखाई नहीं देता इसलिए डिवाइस को चलाने के लिए रोबोटिक हैंड्स की मदद ली जाती है।*

## समुद्र में बढ़ता खतरा

*चीन इस केबल कटर के साथ तब सामने आया है जब समुद्र के नीची केबलों पर खतरा बढ़ा है। बाल्टिक सागर में 2023 से अब तक 11 बार केबल्स को नुकसान पहुंचाया गया है जिससे इन्हें नुकसान पहुंचाने की आशंका और बढ़ गई है। इसकी मदद से बीजिंग खुद को समुद्री अभियानों में एक बड़ी ताकत के तौर पर तैयार कर रहा है। इस नए आविष्कार ने दुनिया भर की सुरक्षा से जुड़े लोगों को चिंता में डाल दिया है।*

# रेलवे ट्रैक के पास हथिनी ने दिया बच्चे को जन्म, लोको पायलट ने तुरंत रोकी ट्रेन



**रांची।** झारखंड से एक ऐसी सच्ची और भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने लाखों लोगों का दिल छू लिया है। यहां एक जंगली हथिनी रेलवे ट्रैक पर अपने बच्चे को जन्म देने लगी तो ट्रेन को करीब दो घंटे तक रोके रखा गया। यह घटना कैमरे में कैद हुई और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। लोग इस वीडियो को देखकर न सिर्फ भावुक हो रहे हैं, बल्कि इंसानियत और करुणा की इस मिसाल की जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। दरअसल, जंगल से भटककर एक गर्भवती हथिनी रेलवे ट्रैक के पास आ गई थी। तभी उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। यह देखकर रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर तुरंत ट्रेन को रोकने का फैसला लिया। करीब दो घंटे तक ट्रेन को रोके रखा गया ताकि हथिनी बिना डर के अपने बच्चे को जन्म दे सके। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने दूर से हथिनी का ख्याल रखा और उसे सुरक्षित माहौल देने की कोशिश की। कुछ देर बाद हथिनी ने एक सुंदर बच्चे को जन्म दिया और दोनों मां-बच्चा सुरक्षित जंगल की ओर लौट गए।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




डेस्टिनी 125 | बेस्ट-इन-क्लास माइलेज 60## km/l | बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स | बड़ी और आरामदायक सीट | एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट डी आर एल के साथ

कम डाउन पेमेंट ₹1999^ | कम ब्याज दर 7.99%^ | ADDITIONAL CASH DISCOUNT* AVAILABLE ON Flipkart amazon | GREEN BONUS OF ₹2000$ FOR VEHICLE SCRAPPING | pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹7500* | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री साईं हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोसिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगराखंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेटलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीसगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, पिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पाटः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, हरदिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरापारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

RS/Hero/07/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com